प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान
इंदिरा ब्रिज के पास, भाट गांव, जिला गांधीनगर -382428

विज्ञापन संख्या –03/2025

<u>रिसर्च एसोसिएट के पद के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू</u>

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (आईपीआर) परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार का एक सहायता प्राप्त संस्थान है, जो मूल प्लाज़्मा भौतिकी, चुंबकीय परिसीमित संलयन और प्लाज़्मा के औद्योगिक एवं सामाजिक उपयोगों के क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के लिए समर्पित है।

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (IPR) में स्पेक्ट्रोस्कोपी डायग्नोस्टिक सेक्शन से संबंधित परियोजना के लिए रिसर्च एसोसिएट (RA) पद हेतु वॉक-इन इंटरव्यू का आयोजन **मार्च 05, 2025** को किया जाएगा।

पद का नाम	**पदों की संख्या**	**आवश्यक योग्यता**
रिसर्च एसोसिएट (RA)	01 No.	भौतिकी में पीएचडी**.** (Physics) प्लाज़्मा भौतिकी और प्लाज़्मा स्पेक्ट्रोस्कोपी में विशेषज्ञता, विशेष रूप से प्रयोगात्मक प्लाज़्मा उपकरण/ टोकामॅक में।

वांछनीय अनुभव:

- प्लाज़्मा आधारित प्रयोगात्मक प्रणाली के डिज़ाइन और/या संचालन का अनुभव।
- ऑप्टिकल घटकों, स्पेक्ट्रोमीटर, CCD, कैलिब्रेशन लैम्प आदि के संचालन और प्रबंधन का अनुभव।
- स्पेक्ट्रोस्कोपिक उपकरणों से प्राप्त प्रयोगात्मक डेटा के विश्लेषण का अनुभव।
- तकनीकी दस्तावेज तैयार करने का अनुभव।

कार्य का स्वरूप:

- एक्स-रे श्रेणी में स्पेक्ट्रोस्कोपिक डायग्नोस्टिक के लिए कैलिब्रेशन स्रोत का डिज़ाइन और विकास।
- एक्स-रे स्पेक्ट्रल लाइनों की तीव्रता का सैद्धांतिक आकलन
- टोकामॅक पर प्रयोगों की योजना बनाना, उनका संचालन करना तथा प्रयोगात्मक डेटा का विश्लेषण।
- तकनीकी दस्तावेजों का निर्माण एवं संकलन। .

नियुक्ति की अवधि:

- उपरोक्त पद पूर्णतः अस्थायी है। प्रारंभ में नियुक्ति 01 (एक) वर्ष के लिए की जाएगी। आवश्यकतानुसार इस अवधि को अधिकतम 01 (एक) वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है अथवा यह परियोजना की समाप्ति के साथ स्वतः समाप्त हो जाएगी।

चयन प्रक्रिया / Selection Process:

- चयन पूरी तरह वॉक-इन इंटरव्यू में प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।
- **पारिश्रमिक:** रिसर्च एसोसिएट (RA) को मासिक फेलोशिप का भुगतान, परमाणु ऊर्जा विभाग (DAE) के कार्यालय ज्ञापन संख्या 10/1(21)/2014/Fellowship/R&D-II/14812, दिनांक 09 नवंबर 2023 या समय-समय पर परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा जारी अद्यतन अनुशंसाओं के अनुसार प्रदान की जाएगी। अन्य शर्तें एवं नियम भी परमाणु ऊर्जा विभाग के उपरोक्त कार्यालय ज्ञापन के अनुसार लागू होंगे। आईपीआर सीएचएस एस चिकित्सा सुविधा केवल स्वंय के लिए उपलब्ध होगी और इस सुविधा हेतु वेतन से मासिक कटौती आईपीआर सीएचएस एस नियमों के अनुसार की जाएगी।

RA-I: ₹58,000/- प्रतिमाह +मकान किराया भत्ता (HRA)
RA-II: ₹61,000/- प्रतिमाह +मकान किराया भत्ता (HRA)
RA-III: ₹67,000/- प्रतिमाह +मकान किराया भत्ता (HRA)

टिप्पणी:

- रिसर्च एसोसिएट्स का पारिश्रमिक उपरोक्त तीनों फेलोशिप स्तरों में से किसी एक पर उनकी योग्यता एवं अनुभव के आधार पर निर्धारित किया जाएगा। इंटरव्यू समिति द्वारा निम्नलिखित मापदंडों के आधार पर यह तय किया जाएगा कि उम्मीदवार को किस स्तर (RA-I/RA-II/RA-III) पर रखा जाएगा:
    - i. पीएच.डी. शोध प्रबंध (थीसिस) की गुणवत्ता
    - ii. पीएच.डी .के बाद का शोध अनुभव, जो उच्च गुणवत्ता वाले प्रकाशनों और/या विकसित किए गए उत्पादों/प्रक्रियाओं से प्रमाणित हो और
    - iii. चयन साक्षात्कार (इंटरव्यू) में प्रदर्शन

सामान्य निर्देश:

a) इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि **वे प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान, इंदिरा ब्रिज के पास, भाट, गांधीनगर-382 428, गुजरात में मार्च 05, 2025 को सुबह 9:00** बजे सरकार द्वारा स्वीकृत फोटो पहचान पत्र के साथ साक्षात्कार के लिए रिपोर्ट करें।

b) उम्मीदवार को संलग्न निर्धारित प्रारूप में एक बायोडाटा (CV) लाना होगा, जिस पर हाल ही में लिया गया पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो चिपकाया गया हो। साथ ही, स्वप्रमाणित दस्तावेज़ों की प्रतियां, जैसे कि अंकपत्र, डिग्री प्रमाणपत्र, जन्म तिथि (D.O.B) का प्रमाण और अन्य संबंधित दस्तावेज़ संलग्न करने होंगे।

जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में केवल निम्नलिखित प्रमाणपत्र/दस्तावेज़ स्वीकार्य होंगे (कोई एक):

1. जन्म प्रमाणपत्र में दर्ज जन्म तिथि।
2. माध्यमिक विद्यालय परित्याग प्रमाणपत्र (SSLC)।
3. मैट्रिक / माध्यमिक विद्यालय प्रमाणपत्र जिसमें जन्म तिथि उल्लिखित हो।

c) उम्मीदवारों को सत्यापन / जांच के उद्देश्य से अपने सभी मूल दस्तावेज़ भी लाने होंगे।

d) सुबह 10:00 बजे के बाद आने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए विचार नहीं किया जाएगा और उनकी आवेदन प्रक्रिया स्वीकार नहीं की जाएगी।

e) साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए उम्मीदवारों को कोई यात्रा भत्ता (TA) / दैनिक भत्ता (DA) प्रदान नहीं किया जाएगा।

आईपीआर को बिना किसी कारण बताए इस विज्ञापन को रद्द करने का अधिकार है, और निदेशक-आईपीआर द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

कार्यकारी मुख्य प्रशासनिक अधिकारी

नोट:
यदि 10 से अधिक उम्मीदवार आवेदन करते हैं, तो साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को उनके MSc या समकक्ष स्तर पर प्राप्त प्रतिशत अंकों के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।